राधे आ जाओ पास हमारे

मेरा दिल ना लगे बिन तुम्हारे राधे आ जाओ पास हमारे.....

राधे बागों में आना तुम्हें गजरा पहनाऊं,
मालिन से छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे......

राधे तारों पर आना तुम्हें चुनरी उड़ाऊ,
धोवन से छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे.....

राधे पनघट पर आना तुम्हें गगरी भराऊ,
धिमरन से छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे......

राधे महलों में आना तुम्हें माखन खिलाऊ,
रानी से छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे.....

राधे मधुबन में आना तुझे ग्वालों से मिलाऊं,
ग्वालन से छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे.....

राधे निधिवन में आना तुम्हें मुरली सुनाऊं,
सखियों से छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे......

राधे वृंदावन में आना तुझे भक्तों से मिलाऊ,
मंदिर में छुपके छुपाके राधे आ जाओ पास हमारे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31574/title/radhe-aa-jao-pass-humare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |